प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

पंतनगर। 18 मई 2022। विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय एवं जीवन विज्ञान समिति, सतना के साथ 'मात्स्यिकी एवं जलजीव पालन की समकालीन समस्याएं' विषय पर दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 19 मई 2022 से किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्म श्री सुल्तान सिंह, ख्याति प्राप्त मत्स्य प्रजनक एवं नवोन्वेषी मत्स्य पालक, हरियाणा द्वारा किया जायेगा। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड राज्य के मत्स्य सचिव, डा. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम उपस्थित रहेंगे तथा अध्यक्षीय उद्बोधन विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं अधिष्ठाता मत्स्य, डा. आर.एस. चौहान तथा जीवन विज्ञान समिति के अध्यक्ष, डा. ए.के. पाण्डेय ने बताया कि इस संगोष्ठी में 07 तकनीकी सत्रों में वैज्ञानिकों द्वारा अपने अनुसंधान कार्यों की प्रस्तुती दी जायेगी तथा देश में मात्स्यिकी एवं जलजीव पालन से संबंधित होने वाली समकालीन समस्याओं के निदान हेतु सुलभ कार्य योजना बनाने हेतु विचार–विमर्श भी किया जायेगा तथा एक सार्थक रूप–रेखा तैयार की जायेगी, जिससे उत्तराखण्ड राज्य के मात्स्यिकी विकास में काफी सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम में किसानों एवं मत्स्य पालकों हेतु विशेष सत्रों का आयोजन भी किया जायेगा, जिसमें मत्स्य उत्पादन बढ़ाने हेतु नई तकनीकों की जानकारी भी दी जायेगी। कार्यक्रम में देश के विभिन्न उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों के लगभग 150 वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, शोध छात्र एवं उत्तराखण्ड राज्य के लगभग 75 मत्स्य पालक एवं कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।